Sample Question Paper

Common Annual Examination (वार्षिक परीक्षा)

2018 -2019

Class- VI (निष्ठा)	Subject- हिंदी
Time- 2 घंटे 30 मिनट	Max. Marks – 50

	DESCRIPTION	M.M
	सामान्य निर्देश :- 1. यह प्रश्नपत्र निष्ठा समूह के लिए है| 2. इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ | 3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए | 4. उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखिए| 5. प्रत्येक उत्तर लिखने के बाद एक या दो लाइन छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर लिखिए|	
	खंड – 'क' **(पठित-अंश)**	
प्रश्न सं. 1	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** मास्टर : (हँसकर) कुछ नहीं, माता जी, मोहन ने महीना भर मौज की| स्कूल का काम रह गया। आज खयाल आया। बस डर के मारे पेट में ऐसे-ऐसे होने लगा। 'ऐसे-ऐसे'! अच्छा उठिए साहब! आपके 'ऐसे-ऐसे' की दवा मेरे पास है। स्कूल से आपको दो दिन की छुट्टी मिलेगी। आप उसमें अपना काम करेंगे और आपका 'ऐसे-ऐसे' दूर भाग जाएगा। (मोहन उसी तरह मुँह छिपाए रहता है।) अब उठकर सवाल शुरू कीजिए। उठिए, खाना मिलेगा।	
	(क) किसने कहा कि "ऐसे-ऐसे की दवा मेरे पास है? (ख) स्कूल से मोहन को कितने दिनों की छुट्टी मिलनेवाली थी? (ग) मोहन ने कितने दिन मौज किया? (घ) मोहन को किसलिए छुट्टी मिलनेवाली थी ? (ङ) इन दिनों मोहन को क्या करना था?	**1X5=5**
प्रश्न सं. 2	निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – लक्ष्मी थी या दुर्गा थी वह स्वयं वीरता की अवतार, देख मराठे पुलकित होते उसकी तलवारों के वार, नकली युद्ध, व्यूह की रचना और खेलना खूब शिकार, सैन्य घेरना, दुर्ग तोड़ना, ये थे उसके प्रिय खिलवार , महाराष्ट्र-कुल- देवी उसकी, भी आराध्य भवानी थी । बुंदेले हरबोलों के मुँह, हमने सुनी कहानी थी। खूब लड़ी मर्दानी वह तो, झाँसी वाली रानी थी	

	(क) झाँसी की रानी को किनका अवतार कहा गया है? (ख) मराठे किसे देखकर पुलकित होते थे? (ग) रानी के प्रिय दो खेलों के नाम लिखिए? (घ) हमने यह कहानी किसके मुहँ से सुनी थी? (ङ) मर्दानी शब्द किसके लिए कहा गया है?	**1X5=5**
	खंड- 'ख' **(व्यावहारिक व्याकरण)**	
प्रश्न सं. 3	निम्नलिखित शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए- (i) कृपया (ii) ईमानदार	**1X2=2**
प्रश्न सं. 4	निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्द के भेद का नाम लिखिए- (i) <u>यमुना</u> नदी दिल्ली होकर गुजरती है। (ii) <u>छात्र</u> विद्यालय से घर जा रहे हैं।	**1X2=2**
प्रश्न सं. 5	निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छांटकर लिखिए- (i) मैं सोमवार को घूमने जाऊंगा| (ii) पेड़ के पीछे कोई छिपा हुआ है|	**1X2=2**
प्रश्न सं. 6	(क) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर उचित वाक्य लिखिए- गणित के <u>शिक्षक</u> आ रहें हैं| (ख) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द को बहुवचन में बदलकर उचित वाक्य लिखिए- <u>बालिकाओं</u> ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया|	**1X2=2**
प्रश्न सं. 7	(क) निम्नलिखित वाक्य में काल के भेद को पहचानकर लिखिए- मोहन कल विद्यालय नहीं जायेगा| (ख) 'फूल' शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए-	**1X2=2**
	खंड- 'ग' **(पाठ्य-पुस्तक)**	
प्रश्न सं. 8	निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए -	**2X5=10**
	(क) 'ऐसे-ऐसे' पाठ में माँ क्यों घबरा रही थी? (ख) राजप्पा ने अँगीठी में क्या डाल दिया? (ग) झाँसी की रानी के बचपन में किसके साथ खेलती थी? (घ) 'मै सबसे छोटी होऊं' कविता में छोटी लड़की क्या कहना चाहती है? (ङ) लोकगीत किसे कहते हैं? (च) उत्तर-प्रदेश के किन्ही दो प्रसिद्ध लोकगीतों के नाम लिखिए।	
प्रश्न सं. 9	निम्नलिखित में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए -	**3x2=6**

	(क) ऐसे तीन बहाने लिखिए जिन्हें मास्टर जी एक ही बार में सुनकर समझ जाते हैं? (ख) 'मै सबसे छोटी होऊं' कविता में छोटी लड़की बड़ी क्यों नहीं होना चाहती? (ग) हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से होते हैं? 'लोकगीत' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए	
प्रश्न सं. 10	झाँसी की रानी की वीरता की कहानी अपने शब्दों में लिखिए | अथवा 'लोकगीत' पाठ के आधार पर अपने क्षेत्र के लोकगीत की विशेषताओं को लिखिए?	4x1=4
	खंड-'घ' **(रचनात्मक लेखन)**	
प्रश्न सं. 11	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में निबंध लिखिए- **(क) गणतंत्र - दिवस** **(ख) हमारा विद्यालय** **अथवा** **दिए गए चित्र को देखकर 80 से 100 शब्दों में अपने विचार लिखिए-** 	5
प्रश्न सं. 12	निम्नलिखित पत्र के प्रारूप को पूरा कीजिए- (विद्यालय में सफाई के लिए प्रधानाचार्य को पत्र) सेवा में, दिनांक- __________________ __________________ विषय- ____	5

	महोदय, निवेदन है कि मैं ____ ____ ____ ____ धन्यवाद सहित भवदीय __________ अथवा निम्नलिखित पत्र के प्रारूप को पूरा कीजिए- (अपनी भाई के जन्मदिन पर शुभकामना पत्र) परीक्षा भवन तिथि_______ ________ भाई मैं यहाँ कुशलपूर्वक रहते हुए आशा करता हूँ कि तुम भी कुशल होगे| सबसे पहले तुम्हें तुम्हारे ___________ के लिए हार्दिक बधाई| ____ ____ ____ घर में बड़ों को मेरा प्रणाम और छोटों को मेरा प्यार कहना| तुम्हारा ___________	